Number of Pages: 24
पृष्ठों की संख्या : 24

**ETC - I**

Q. P. B. Series
**B**

Question Paper Booklet No.
(प्रश्न–पत्र पुस्तिका क्रमांक)

Roll No. (In Figures)
अनुक्रमांक (अंकों में)

O.M.R. Answer Sheet No.
(ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक क्रमांक)

पारी : I
Shift : I
समय : **तीन घण्टे**
Time : **Three Hours**
पूर्णांक : **600**
Maximum Marks : **600**

# EETYTEC - 26

**महत्त्वपूर्ण अनुदेश :–**

1. प्रश्न–पत्र पुस्तिका में निर्देशों सहित कुल 24 पृष्ठ हैं। इस पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 200 तक कुल दो सौ प्रश्न मुद्रित हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका के प्रत्येक भाग–अ, ब, स एवं द में 50 प्रश्न हैं। 'भाग–द' के दो भाग हैं। इसमें प्रश्न संख्या 151 से प्रश्न संख्या 170 तक अंग्रेजी के हैं, जो सभी के लिए अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 171 से प्रश्न संख्या 200 तक के लिए अभ्यर्थी को हिन्दी या संस्कृत में से किसी एक का चयन करना है। प्रश्न–पत्र पुस्तिका के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट के भीतर ही विचार किया जायेगा।
2. संस्कृत में प्रवेश चाहने वाले 'भाग–द' में संस्कृत का ही चयन करें। संस्कृत तथा सामान्य दोनों का चयन करने वाले भी संस्कृत विषय का ही चयन करें।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के पृष्ठ भाग पर दिये गये निर्देशों का पालन करें।
4. **परीक्षार्थी इस प्रश्न–पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं सीरीज ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में निर्धारित स्थानों पर अवश्य भरें, अन्यथा उसका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सकेगा और उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।**

**नोट :–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. भाग अ, ब, स एवं द के प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।
3. नकारात्मक अंकन नहीं होगा।
4. **ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में उत्तर अंकित करने और वांछित सूचना अंकित करने के लिए काला/नीला बॉल पॉइन्ट पेन ही इस्तेमाल करें।**

**Important Instructions:-**

1. The Question Paper Booklet (Q.P.B.) contains a total number of 24 pages including instructions. There are 200 questions in all from question no. 1 to question no. 200 printed in this booklet. There are 50 questions in each Section – A, B, C & D of Q.P.B. 'Section–D' has two parts in it. In this Section question no. 151 to 170 are of English and compulsory for all. For question no. 171 to 200 candidate has to select either Hindi or Sanskrit. Any complaint regarding the Question Paper Booklet will be entertained within 10 minutes from the commencement of the Exam.
2. Candidates seeking admission in Sanskrit have to opt Sanskrit in 'Section–D'. The candidates who have applied for both Sanskrit and General will also opt Sanskrit only.
3. Follow the Instructions given at the back of O.M.R. Answer Sheet for answering questions.
4. **The candidate should fill in the serial no. and series of this Question Paper Booklet in the O.M.R. Answer Sheet at the proper places, otherwise his/her result will not be declared and only he/she will be liable for that.**

**NOTE:-**

1. All questions are compulsory.
2. Each question carries 3 marks in Section A, B, C & D.
3. No negative marking will be there.
4. **Use Black/Blue ball point pen only to answer questions and to fill in information required in the O.M.R. Answer Sheet.**

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी।**

## भाग – अ
## मानसिक योग्यता

**1.** दूसरे समूह में लुप्त पद ज्ञात कीजिए –

AEJO : BFKP : : CGLQ : ………..

**(A)** ENSY **(B)** DLNP **(C)** DHMR **(D)** FMPV

**2.** निम्न श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए –

3F, 6G, 11I, 18L, ……….

**(A)** 21O **(B)** 25N **(C)** 25P **(D)** 27P

**3.** निम्नलिखित में से ''तीर : धनुष'' के समान जोड़ा ज्ञात कीजिए –

**(A)** फुटबॉल : हाथ **(B)** सलाद : चाकू **(C)** बुलेट : राइफल **(D)** धुआँ : पानी

**4.** निम्न श्रृंखला का अगला पद ज्ञात कीजिए –


ADA, EHE, ILI, ...................

**(A)** JKJ **(B)** GJG **(C)** MPM **(D)** JHJ

**5.** P, Q और R की उम्र का कुल योग 90 साल है। पाँच साल पहले उनकी उम्र का कुल योग कितना था?


**(A)** 70 साल **(B)** 75 साल **(C)** 80 साल **(D)** 85 साल

**6.** दिये गये चित्र में से कुल वर्गों की संख्या ज्ञात कीजिए –



**(A)** 10 **(B)** 14 **(C)** 12 **(D)** 16

**7.** निम्नलिखित में लुप्त संख्या भरें –




**(A)** 35 **(B)** 40 **(C)** 45 **(D)** 50

**8.** रवि ने सीता से कहा, ''तुम्हारी माँ मेरी दादी की बेटी हैं''। रवि और सीता एक दूसरे से किस प्रकार सम्बन्धित हैं?

**(A)** चाचा – भतीजी **(B)** पिता – पुत्री

**(C)** चचेरे/ममेरे भाई–बहन **(D)** माता – पुत्र

**9.** एक लड़की ने एक लड़के का परिचय कराते हुए कहा, ''यह मेरे चाचा के पिता की बेटी का बेटा है।'' इस लड़के का उस लड़की से क्या रिश्ता है?

**(A)** बहन **(B)** भाई **(C)** सगे भाई/बहन **(D)** बेटा

**10.** अमन का परिचय देते हुए रेखा ने कहा – ''उसकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती बेटी है''। अमन रेखा से किस प्रकार संबंधित है?

**(A)** देवर / साला **(B)** पति **(C)** पिता **(D)** दामाद

**11.** नीचे कथन (I) एवं कथन (II) दिए गए हैं, उनको पढ़कर सही उत्तर का चयन कीजिए –

**कथन :** (I) ऑनलाइन शॉपिंग में काफी बढ़ोतरी हुई है।

(II) कई स्थानीय रिटेल दुकानें बंद हो रही हैं।

**(A)** कथन (I) कारण है और कथन (II) उसका परिणाम है।

**(B)** कथन (II) कारण है और कथन (I) उसका परिणाम है।

**(C)** दोनों कथन (I) और (II) स्वतंत्र कारण हैं।

**(D)** दोनों कथन (I) और (II) स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

**12.** निम्नलिखित अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित (Rearrange) करने पर बनने वाले शब्द का आखिरी अक्षर क्या है?

C, P, A, O, E, C, K (A bird)

**(A)** E **(B)** K **(C)** P **(D)** C

**13.** यदि VOTER = 41352, HEATER = 743654, TEASER = 645834 है, तो कौनसी संख्या "S" का प्रतिनिधित्व करती है?

**(A)** 1 **(B)** 5 **(C)** 8 **(D)** 7

**14.** शब्दों का विषम जोड़ा चुनें –


**(A)** गाय : बछड़ा **(B)** कुत्ता : कुतिया

**(C)** शेर : शावक **(D)** कछुआ : नन्हा कछुआ

**15.** निम्नलिखित में से कौनसा समूह से संबंधित नहीं है?


**(A)** ZA **(B)** XC **(C)** VE **(D)** MG

**16.** विलुप्त संख्या को पहचानिए –




**(A)** 15 **(B)** 18 **(C)** 20 **(D)** 13

**17.** दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या कितनी है?



**(A)** 6 **(B)** 8 **(C)** 10 **(D)** 12

**18.** निम्न में से कौनसा भिन्न है?

**(A)** व्हाट्सएप **(B)** स्काइप **(C)** स्नैपचैट **(D)** लिंक्डइन

**19.** एक परिवार में छः सदस्य हैं G, H, I, J, N, O जिसमें से तीन महिलायें और एक विवाहित जोड़ा है। G, I की माँ है और J, I का बेटा है। H, G का पति है और I उसका बेटा है जबकि O उसकी बेटी है। महिलाओं के समूह में कौन शामिल हैं?

**(A)** N, W, I **(B)** G, H, I **(C)** N, O, G **(D)** G, N, J

**20.** दी गई श्रृंखला में ऐसे कितने 7 हैं जिनके ठीक पहले 6 आता है लेकिन उनके ठीक बाद 8 नहीं आता है?

3, 4, 8, 7, 6, 1, 5, 6, 7, 8, 4, 9, 6, 7, 5





**(A)** 1 **(B)** 2 **(C)** 3 **(D)** 4

**21.** वह संख्या पहचानिए जो दिए गए पैटर्न में फिट बैठती है –

16, 81, 256, 625, 1296, ..........

**(A)** 2401 **(B)** 2405 **(C)** 2409 **(D)** 2415

**22.** निम्नलिखित में से कौनसा आरेख एक शिक्षक (Teacher), एक लेखक (Writer) और एक कलाकार (Artist) के बीच सर्वश्रेष्ठ संबंध को दर्शाता है?

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**23.** यदि E = 5 और BAT = 23 है, तो MUG = ...........

**(A)** 41 **(B)** 53 **(C)** 57 **(D)** 62

**24.** एक खास भाषा में DEBU को 45221 और MANSI को 13114199 कोड किया जाता है। उसी भाषा में RAJVEER को कैसे कोड किया जाएगा?

**(A)** 16100225588 **(B)** 17111222555 **(C)** 18011252581 **(D)** 18110225518

**25.** दूसरे युग्म की दूसरी सादृश्यता ज्ञात करने के लिए उसी सम्बन्ध का उपयोग करें –

16 : 2 : : 256 : ...........

**(A)** 4 **(B)** 6 **(C)** 5 **(D)** 7

**26.** एक MNC में 1000 कर्मचारियों को यादृच्छिक रूप से चुना गया। 500 को चाय पसंद है, 380 को कॉफी पसंद है और 120 को चाय और कॉफी दोनों पसंद हैं। निम्न का मिलान करें –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कितने लोगों को सिर्फ चाय पसंद है? | (i) | 760 |
| 2. | कितने लोगों को सिर्फ कॉफी पसंद है? | (ii) | 640 |
| 3. | कितने लोगों को न तो चाय पसंद है और ना ही कॉफी? | (iii) | 240 |
| 4. | कितने लोग चाय या कॉफी में से केवल एक ही चीज़ पसंद करते हैं? | (iv) | 260 |
| 5. | कितने लोगों को कम से कम एक पेय पसंद है? | (v) | 380 |

**(A)** (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iii), (4)-(iv), (5)-(v) **(B)** (1)-(v), (2)-(iv), (3)-(iii), (4)-(ii), (5)-(i)

**(C)** (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i), (4)-(v), (5)-(iv) **(D)** (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iv), (5)-(v)

**27.** निम्न प्रश्न के लिए सही विकल्प को चुनिए –

गाय : बैल : : घोड़ी : ………..

**(A)** जानवर **(B)** कुत्ता **(C)** घोड़ा **(D)** माँस

**28.** सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें –

125 : 216 : : ? : 512

**(A)** 260 **(B)** 300 **(C)** 312 **(D)** 343

**29.** एक बड़े शहर के नेटवर्क पर साइबर–अटैक हुआ, जिससे सेवाएं ठप हो गईं। कार्रवाई के तरीके होंगे –


(I) अधिकारियों को तुरंत सभी नेटवर्क बंद कर देने चाहिए।

(II) IT टीम को कमज़ोरी का पता लगाकर उसे ठीक करना चाहिए।


**(A)** सिर्फ (I) **(B)** सिर्फ (II)

**(C)** न तो (I) और ना ही (II) **(D)** (I) और (II) दोनों


**30.** प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौनसी विकल्प आकृति आएगी?





गमला पौधा धागा ?

**(A)** 


सुई

**(B)** 

ड्रेस


**(C)** 

कैंची

**(D)** 


कपास

**31.** निम्न प्रश्न में विलुप्त संख्या खोजिए –




**(A)** 30 **(B)** 25 **(C)** 27 **(D)** 31

**32.** निम्न रेखाचित्र का अध्ययन करके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए –




कितने डॉक्टर्स, खिलाड़ी और कलाकार दोनों हैं?

**(A)** 22 **(B)** 8 **(C)** 3 **(D)** 30

**33.** X, Y और Z की आयु का योग 45 वर्ष है। Y की आयु क्या है?

**कथन :** (I) Y, X से 12 वर्ष बड़ा है।

(II) Z की आयु 15 वर्ष है।

**(A)** केवल कथन (I) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**(B)** केवल कथन (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**(C)** दोनों कथन (I) और (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**(D)** दोनों कथन (I) और (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**34.** यदि 'नीले' को 'हरा' पुकारा जाये, 'हरे' को 'सफेद', 'सफेद' को 'लाल', 'लाल' को 'काला' तब साफ आकाश का रंग क्या होगा?

**(A)** नीला **(B)** हरा **(C)** सफेद **(D)** काला

**35.** प्रश्न चिन्ह की जगह क्या आएगा?

| | | |
|---|---|---|
| $A_1$ | $B_5$ | $C_9$ |
| $D_{13}$ | $E_{17}$ | ? |
| $G_7$ | $H_{11}$ | $I_{15}$ |

**(A)** $F_{21}$ **(B)** $G_{22}$ **(C)** $H_{23}$ **(D)** $I_{24}$

**36.** एक घड़ी 1 बजे चालू की जाती है। 5 बजकर 30 मिनट पर घंटे की सुई कितने डिग्री घूम चुकी होती है?


**(A)** 115° **(B)** 135° **(C)** 140° **(D)** 155°





**37.** उस शब्द का पता लगायें जो दिये गए शब्द के अक्षरों से बनाया जा सकता है –

PRAGMATIC

**(A)** GUITAR **(B)** AGMARK **(C)** GAME **(D)** MAGIC

**38.** निम्न श्रृंखला में आगे क्या आएगा?

 ..................

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**39.** यदि 'Y' कहता है कि उसकी माँ X की माँ की इकलौती बेटी हैं, तो 'X', 'Y' से किस प्रकार सम्बन्धित है?

**(A)** चाचा **(B)** भाई **(C)** चचेरा भाई **(D)** मामा

**40.** निम्न श्रृंखला को पूरा कीजिए –

5040, 720, 120, 24, ..........., 2, 1

**(A)** 8 **(B)** 7 **(C)** 6 **(D)** 5

**41.** 'अभियंता' (Engineer) जिस तरह 'उत्पादन' (Production) से सम्बन्धित हैं, उसी तरह 'डॉक्टर' (Doctor) सम्बन्धित हैं –

**(A)** उपचार **(B)** अस्पताल **(C)** शरीर **(D)** सर्जरी

**42.** अजीत, भाविनी के पिता हैं, जो चित्रा की पुत्री है और चित्रा, पारुल की पुत्री है। अजीत का पारुल से क्या संबंध है?

**(A)** पुत्र **(B)** पुत्री **(C)** दामाद **(D)** बहू

**43.** यदि बिट्टू कहता है, ''आरती की माँ मेरी माँ की इकलौती बेटी है।'' तो बिट्टू का आरती से क्या रिश्ता है?

**(A)** मामा **(B)** चाचा **(C)** दादा **(D)** पिता

**44.** यदि अपराजित, भूमि का भाई है और भूमि, चैतन्य की बहन है, तो अपराजित का चैतन्य से क्या संबंध है?

**(A)** भाई **(B)** माँ **(C)** पिता **(D)** बहन

**45.** यदि '+' का आशय '×', '–' का आशय '+', '×' का आशय '÷' और '÷' का आशय '–' हो, तो $20 + 10 \times 20 \div 4 - 10$ का मान होगा –

**(A)** 8 **(B)** 16 **(C)** 32 **(D)** 17

**46.** एक सुबह, ऋतिक पूर्व दिशा में 2 कि.मी. चलता है, फिर दाहिनी ओर मुड़कर 3 कि.मी. चलता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 2 कि.मी. चलता है। अब वह किस दिशा की ओर मुख करके खड़ा है?

**(A)** दक्षिण **(B)** उत्तर **(C)** पश्चिम **(D)** पूर्व

**47.** चार शब्द दिये गये हैं जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में एक जैसे हैं, जबकि चौथा अलग है। विषम (अलग) शब्द का चयन करें –

**(A)** भावना **(B)** खुशी **(C)** चिंता **(D)** गुस्सा

**48.** यदि ACE = 15 है और BDF = 48 है, तो HJL क्या होगा?

**(A)** 960 **(B)** 710 **(C)** 698 **(D)** 250

**49.** A, P, R, X, S और Z एक पंक्ति में बैठे हैं। S और Z केन्द्र में हैं, A और P किनारों पर हैं। R, A के बायीं ओर बैठा है। P के दायीं ओर कौन बैठा है?

**(A)** S **(B)** X **(C)** Z **(D)** R

**50.** दिये गये चार सेट में से वह सेट चुनें जो नीचे दिये गये सेट के समान है –

13 : 20 : 27

**(A)** 3 : 11 : 18 **(B)** 18 : 25 : 32 **(C)** 18 : 27 : 72 **(D)** 7 : 14 : 28

## भाग – ब
## राजस्थान की सामान्य जानकारी

**51.** 1990 के दशक (1990 से 1999) के दौरान, निम्नांकित में से किसने राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद धारण नहीं किया?

**(A)** हरि देव जोशी **(B)** शिव चरण माथुर

**(C)** भैरों सिंह शेखावत **(D)** अशोक गहलोत

**52.** इनमें से किस महिला स्वतंत्रता सेनानी को उनके राजनीतिक और सामाजिक सुधार कार्यों के कारण बूँदी से निष्कासित किया गया था?

**(A)** नगेन्द्र बाला **(B)** जानकी देवी बजाज

**(C)** शांता त्रिवेदी **(D)** अंजना देवी चौधरी

**53.** राजस्थान के महान चित्रकार मोरध्वज निहालचंद चित्रकला की किस शैली से संबंधित थे?

**(A)** बीकानेर शैली **(B)** जोधपुर शैली **(C)** बूंदी शैली **(D)** किशनगढ़ शैली

**54.** हमसीढ़ो क्या है?

**(A)** भीलों द्वारा गाया जाने वाला गीत **(B)** मीणा द्वारा गाया जाने वाला गीत

**(C)** मांगणियार द्वारा गाया जाने वाला गीत **(D)** लंगा द्वारा गाया जाने वाला गीत

**55.** लोक–देवताओं के सही समूह को पहचानिए, जिनकी पाँच पीरों के रूप में राजस्थान में पूजा की जाती है –

**(A)** पाबूजी, तेजाजी, कल्लाजी, गोगाजी, देवनारायणजी

**(B)** देवनारायणजी, रामदेवजी, हड़बूजी, मल्लीनाथजी, कल्लाजी

**(C)** गोगाजी, पाबूजी, रामदेवजी, मेहाजी, हड़बूजी

**(D)** पाबूजी, मल्लीनाथजी, मेहाजी, गोगाजी, तेजाजी

**56.** राजस्थान में अरावली पर्वत श्रेणी की दूसरी सर्वोच्च चोटी है –

**(A)** अचलगढ़ **(B)** सज्जनगढ़ **(C)** जरगा **(D)** सेर

**57.** बांध और जिस नदी पर इसे निर्मित किया गया है, के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –

**(A)** मेजा बांध – कोठारी नदी **(B)** मातृकुंडिया बांध – बनास नदी

**(C)** नाहर सागर बांध – नगदी नदी **(D)** फ़तेह सागर बांध – बेड़च नदी

**58.** राजस्थान के पुरातात्विक स्थल और समीपस्थ नदी के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –

**(A)** बागोर – कोठारी **(B)** सुनारी – कांटली

**(C)** नगरी – बेड़च **(D)** नोह – बाणगंगा

**59.** अंग्रेजों से संधि करने वाला राजपूताना का अंतिम राज्य था –

**(A)** उदयपुर **(B)** कोटा **(C)** सिरोही **(D)** जैसलमेर

**60.** राजस्थान की निम्न वस्तुओं में से किसे जी.आई. (भौगोलिक संकेत) टैग नहीं मिला है?

**(A)** बीकानेरी भुजिया **(B)** कोटा डोरिया

**(C)** जयपुर की ब्लू पॉटरी **(D)** राजस्थान रावण हत्था

**61.** जयसिंह सूरी निम्न में से किस पुस्तक के लेखक हैं?

**(A)** राज प्रशस्ति **(B)** हम्मीर मद मर्दन

**(C)** कीर्तिस्तंभ प्रशस्ति **(D)** ज्ञान मंजरी

**62.** वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार सोयाबीन उत्पादन में राजस्थान का कौनसा स्थान है?

**(A)** प्रथम **(B)** द्वितीय **(C)** तृतीय **(D)** चतुर्थ

**63.** राजस्थान में 2024-25 के दौरान किस सेक्टर ने प्रचलित मूल्यों पर 'सकल राज्य मूल्य वर्धन' में सर्वाधिक योगदान दिया है?

**(A)** कृषि **(B)** उद्योग **(C)** अवसंरचना **(D)** सेवा

**64.** निम्न में से कौन स्वतंत्रता सेनानी, 1954 से 1960 तक राज्य सभा के सदस्य रहे?

**(A)** बलवंत सिंह मेहता **(B)** मास्टर आदित्येन्द्र

**(C)** जयनारायण व्यास **(D)** माणिक्य लाल वर्मा

**65.** निम्न व्यक्तियों में से कौन राजस्थान विधान सभा के पूर्णकालिक अध्यक्ष नहीं रहे हैं?

**(A)** नरोत्तम लाल जोशी **(B)** रामकिशोर व्यास

**(C)** निरंजन नाथ आचार्य **(D)** गुलाब चंद कटारिया

**66.** ओ.डी.ओ.पी. योजना के अंतर्गत जिले और उत्पाद के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –

**(A)** बारां – आम **(B)** अजमेर – गुलाब

**(C)** चूरू – मूंगफली उत्पाद **(D)** सीकर – प्याज़

**67.** निम्नलिखित में से किसने 'वीर भारत समाज' की स्थापना की थी?

**(A)** जमनालाल बजाज **(B)** मोतीलाल तेजावत

**(C)** माणिक्य लाल वर्मा **(D)** विजय सिंह पथिक

**68.** 'विकसित राजस्थान @2047' में, वर्ष 2029 तक राज्य का लक्ष्य कितने मूल्य की अर्थव्यवस्था अर्जित करना है?

**(A)** $275 बिलियन **(B)** $325 बिलियन

**(C)** $350 बिलियन **(D)** $450 बिलियन

**69.** राजस्थान के निम्नांकित पुरातात्विक स्थलों में से किसका उत्खनन 1952-54 के दौरान स्वीडिश पुरातात्विक दल द्वारा किया गया था?

**(A)** रंग महल **(B)** जोधपुरा **(C)** गणेश्वर **(D)** भीनमाल

**70.** सूकड़ी नदी के किनारे, सोनगिरी की पहाड़ियों पर कौनसा किला बना हुआ है?

**(A)** गागरोन किला **(B)** भैंसरोड़गढ़ किला

**(C)** जालौर किला **(D)** सिवाना किला

**71.** मोरिया, लूर, कूद, मांदल नृत्य हैं –

**(A)** गरासिया के **(B)** भील के **(C)** गुर्जर के **(D)** कालबेलिया के

**72.** 26 जनवरी, 1950 को प्रारंभ हुए संविधान की प्रथम अनुसूची में अजमेर को किस रूप में श्रेणीकृत किया गया था?

**(A)** पार्ट – A राज्य **(B)** पार्ट – B राज्य

**(C)** पार्ट – C राज्य **(D)** संघ शासित क्षेत्र

**73.** राजस्थान के राज्यपाल को पहचानिए, जिनकी पदावधि के दौरान अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन केवल उद्घोषित किया गया, वापस नहीं लिया गया –

**(A)** रघुकुल तिलक **(B)** हुकुम सिंह

**(C)** एम. चेन्ना रेड्डी **(D)** बलिराम भगत

**74.** जोहड़, खड़ीन और झालरा विधियाँ हैं –

**(A)** जल संरक्षण की **(B)** मृदा संरक्षण की

**(C)** वन्यजीव संरक्षण की **(D)** बीज संरक्षण की

**75.** 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने एवं राज्यपाल को सिफारिशें करने के लिये कौनसी संवैधानिक संस्था बनायी गयी है?

(A) राजस्थान राज्य आयोजना बोर्ड
(B) राज्य वित्त आयोग
(C) पंचायत समिति
(D) जिला परिषद

**76.** निम्नांकित में से कौनसी एक नदी चंबल नदी की सहायक नदी नहीं है?

(A) काली सिंध (B) बाणगंगा (C) बनास (D) पार्वती

**77.** होली (धुलंडी) के दूसरे दिन 'बादशाह की सवारी' की शोभायात्रा कहाँ निकाली जाती है?

(A) चूरू (B) भीलवाड़ा (C) भीनमाल (D) ब्यावर

**78.** निम्न में से कौन कभी भी राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं रहे?

(A) भैरों सिंह शेखावत
(B) हरिदेव जोशी
(C) वसुंधरा राजे
(D) अशोक गहलोत

**79.** राजस्थान के स्थानों के सही समूह को पहचानिए, जिन पर सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया था –

(A) चित्तौड़, जोधपुर, सिरोही
(B) रणथंभोर, चित्तौड़, जालौर
(C) जोधपुर, जालौर, चित्तौड़
(D) सिरोही, रणथंभोर, जोधपुर

**80.** 'इन्या पर्वत' किससे संबंधित है?

(A) भील (B) गरासिया (C) मीणा (D) गुर्जर

**81.** पंडित विश्व मोहन भट्ट को उनके एल्बम 'ए मीटिंग बाय द रिवर' के लिए 1994 में कौनसा पुरस्कार दिया गया था?

(A) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
(B) पद्म श्री
(C) ग्रैमी पुरस्कार
(D) कालिदास सम्मान

**82.** शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'पहेली' इनमें से किस राजस्थानी लेखक की कहानी पर आधारित थी?

(A) विजयदान देथा की 'दुविधा'
(B) नाथमल जोशी की 'एक बींदणी दो बींद'
(C) लक्ष्मी कुमारी चुंडावत की 'मांझल रात'
(D) यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र की 'जोग–संजोग'

**83.** निम्नांकित में से जयपुर के किस दरबारी संगीतज्ञ ने 'स्वर–सागर' नामक ग्रंथ लिखा था?

(A) भट्ट द्वारकानाथ
(B) देवर्षि भट्ट
(C) अली भगवान
(D) चाँद खाँ

**84.** राजस्थान की जनगणना, 2011 से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए –

(I) राजस्थान की कुल जनसंख्या में से, 24.9% लोग नगरीय क्षेत्र में रहते थे।
(II) राजस्थान में महिला साक्षरता दर 60.1% थी।

(A) केवल (I) सही है
(B) केवल (II) सही है
(C) (I) व (II) दोनों सही हैं
(D) न तो (I) ना ही (II) सही है

**85.** उन तीन स्थलों को पहचानिए, जहाँ 1787 से 1800 के दौरान चौथ वसूली के मुद्दे पर मराठों और राजपूत राज्यों के बीच युद्ध हुए –

(A) हुरड़ा, राजमहल, तुंगा
(B) बूंदी, मालपुरा, अजमेर
(C) तुंगा, पाटन, मालपुरा
(D) बगरू, पाटन, जयपुर

**86.** राजस्थान के निम्नांकित मंदिरों में से कौनसा एक मंदिर–स्थापत्य की 'भूमिज शैली' से संबंधित नहीं है?

(A) महानालेश्वर, मैनाल
(B) समाधीश्वर मंदिर, चित्तौड़गढ़
(C) भांड देवरा, बारां
(D) सूर्य मंदिर, रणकपुर

87. निम्न में से कौन 'एकी आंदोलन' से संबंधित हैं?
(A) मोतीलाल तेजावत (B) माणिक्य लाल वर्मा
(C) नयनू राम शर्मा (D) कुंज बिहारी लाल मोदी

88. नागौर के राजपूत योद्धा अमर सिंह राठौड़ को निम्नांकित में से किस बादशाह ने 'राव' की पदवी प्रदान की थी?
(A) अकबर (B) जहाँगीर (C) शाहजहाँ (D) औरंगज़ेब

89. निम्नांकित में से कौनसा एक दुर्ग करौली जिले में स्थित नहीं है?
(A) तिमनगढ़ (B) शेरगढ़ (C) देवगिरि (D) उंटगिरी

90. 'बीजक की पहाड़ी' में की गयी खुदाई में किस साम्राज्य के अवशेष मिले हैं?
(A) मौर्य साम्राज्य (B) गुप्त साम्राज्य (C) चोल साम्राज्य (D) पांड्य साम्राज्य

91. 'गींदड़' नृत्य के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए –
(I) यह शेखावटी क्षेत्र का प्रसिद्ध लोक नृत्य है।
(II) इसे केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है।
(A) केवल (I) सही है (B) केवल (II) सही है
(C) (I) व (II) दोनों सही हैं (D) न तो (I) ना ही (II) सही है

92. दो बावड़ियों से मिलकर बना 'नगर सागर कुंड' स्थित है –
(A) दौसा में (B) बूंदी में (C) कोटा में (D) चित्तौड़गढ़ में

93. राजस्थानी काव्य–संग्रह 'गाँव अर अम्मा', जिसे वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला, के लेखक कौन हैं?
(A) अंबिका दत्त (B) मुकुट मणिराज
(C) भँवर सिंह सामोर (D) मीठेश निर्मोही

94. राजस्थान के लोक–रंगकर्म की किस विधा से 'तुर्रा कलंगी' संबंधित है?
(A) ख्याल (B) तमाशा (C) रम्मत (D) स्वांग

95. बाड़मेर की गिरल खदान और नागौर की मातासुख और कसनाऊ खदानों से कौनसा खनिज निकाला जाता है?
(A) बैंटोनाइट (B) जिप्सम (C) लिग्नाइट (D) चूना पत्थर

96. 'सांझी कला' में किस देवी की पूजा की जाती है?
(A) पार्वती (B) लक्ष्मी (C) सरस्वती (D) सीता

97. पुष्कर मेला किस माह में आयोजित होता है?
(A) श्रावण (B) पौष (C) कार्तिक (D) भाद्रपद

98. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस खिलाड़ी को 2025 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ?
(A) साक्षी कुमारी (B) मोना अग्रवाल
(C) ओम प्रकाश मिठरवाल (D) सुंदर सिंह गुर्जर

99. राजस्थान की मीठे पानी की झीलों के सही समूह को पहचानिए –
(A) पिछोला, फ़तेह सागर, पंचभद्रा (B) जयसमंद, डीडवाना, नक्की
(C) राजसमंद, सिलीसेढ़, कोलायत (D) सांभर, लूणकरणसर, आना सागर

100. वर्तमान समय के कौनसे जिले महाभारत काल के 'जांगलदेश' के अंतर्गत आते थे?
(A) बीकानेर – नागौर (B) उदयपुर – जोधपुर
(C) अलवर – जयपुर (D) अलवर – भरतपुर

## भाग – स
## शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

**101.** ''रचनात्मक मूल्यांकन'' शब्द का संबंध किससे है?
- **(A)** शिक्षण की शुरुआत में विद्यार्थियों का मूल्यांकन
- **(B)** शिक्षण प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों का मूल्यांकन
- **(C)** शिक्षण प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों का मूल्यांकन
- **(D)** सत्र के अंत में विद्यार्थियों का मूल्यांकन

**102.** ''मूल्यांकन'' शब्द का क्या अर्थ है?
- **(A)** मापन
- **(B)** मूल्य निर्धारण
- **(C)** मापन और मूल्य निर्धारण
- **(D)** न तो मापन और ना ही मूल्य निर्धारण

**103.** निम्नलिखित में से कौनसा शब्द, अधिगम की प्रकृति का वर्णन <u>नहीं</u> करता है?
- **(A)** प्रक्रिया
- **(B)** उत्पाद
- **(C)** उद्देश्यपूर्ण
- **(D)** सतत

**104.** सहायक के रूप में शिक्षक का अर्थ है –
- **(A)** अधिगम प्रक्रिया में शिक्षार्थियों को मार्गदर्शन देना
- **(B)** तैयार उत्तर देना
- **(C)** कक्षा पर प्रभुत्व बनाना
- **(D)** छात्रों की अंतःक्रिया सीमित करना

**105.** शिक्षा में लैंगिक पक्षपात का परिणाम होता है –
- **(A)** सामाजिक अन्याय
- **(B)** समान अवसर
- **(C)** समावेशी विकास
- **(D)** संतुलित विकास

**106.** अपसारी चिंतन का संबंध किससे है?
- **(A)** सृजनात्मकता
- **(B)** बुद्धिमत्ता
- **(C)** स्मृति
- **(D)** आदत निर्माण

**107.** CCE का उद्देश्य किसे कम करना है?
- **(A)** अधिगम अवसर
- **(B)** शिक्षक की भूमिका
- **(C)** परीक्षा तनाव
- **(D)** छात्र सहभागिता

**108.** निम्नलिखित में से कौनसी CCE में सतत मूल्यांकन की विशेषता <u>नहीं</u> है?
- **(A)** नियमित मूल्यांकन
- **(B)** इकाई परीक्षण की आवृत्ति
- **(C)** मूल्यांकन एक बार होने वाली घटना
- **(D)** सीखने की कमियों का निदान

**109.** एक सफल अध्यापक वह है, जो –
- **(A)** विद्यार्थियों को सीखने के लिए प्रेरित करे।
- **(B)** समय से पहले कोर्स पूरा कर दे।
- **(C)** विद्यार्थियों को नोट्स तैयार करने में सहयोग करे।
- **(D)** विद्यार्थियों को फेल करने में विश्वास नहीं करे।

**110.** दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच होने वाला ऐसा संप्रेषण, जो इनके बीच संप्रेषणीय सम्बन्ध स्थापित करता है, कहलाता है –
- **(A)** अंतरा वैयक्तिक संचार
- **(B)** पारस्परिक संचार
- **(C)** जनसम्पर्क संचार
- **(D)** निर्देशित करना

**111.** एक प्रभावी नेता के लिए निम्नलिखित में से कौनसा आवश्यक गुण है?
- **(A)** शक्ति
- **(B)** विरासत
- **(C)** पहल
- **(D)** पद

**112.** निम्नलिखित में से कौनसा रचनात्मक बच्चे का गुण <u>नहीं</u> है?
- **(A)** बुद्धिमत्ता
- **(B)** निर्भरता
- **(C)** आत्मविश्वासी
- **(D)** मौलिक विचार

**113.** शिक्षक का व्यावसायिक दृष्टिकोण सबसे अधिक किसमें सहायक होता है?
- **(A)** अनुशासन बनाए रखने में
- **(B)** विद्यार्थियों के अधिगम में सुधार करने में
- **(C)** कार्यभार कम करने में
- **(D)** छुट्टियाँ बढ़ाने में

**114.** सृजनात्मकता को विकसित करने में शिक्षक की भूमिका है –

**(A)** कठोर नियम लागू करना
**(B)** तैयार उत्तर देना
**(C)** रटंत अधिगम पर बल देना
**(D)** खोज एवं प्रश्न पूछने को प्रोत्साहित करना

**115.** निर्माणात्मक मूल्यांकन का उद्देश्य है –

**(A)** छात्रों को रैंक देना
**(B)** अंतिम परिणाम आंकना
**(C)** प्रतिस्पर्धा बढ़ाना
**(D)** अधिगम प्रक्रिया में सुधार करना

**116.** सीखने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही <u>नहीं</u> है?

**(A)** सभी बच्चे स्वाभाविक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।
**(B)** बच्चे कई तरीके से सीखते हैं।
**(C)** सभी बच्चे सीखने में सक्षम होते हैं।
**(D)** मध्यस्थता के बिना सीखना संभव नहीं है।

**117.** सक्रिय श्रवण का अर्थ है –

**(A)** बिना प्रतिक्रिया सुनना
**(B)** वक्ता को बाधित करना
**(C)** समझना व प्रतिक्रिया देना
**(D)** संदेश की अनदेखी करना

**118.** कौनसा कारक शिक्षक के व्यावसायिक दृष्टिकोण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है?

**(A)** निरंतर प्रशिक्षण
**(B)** प्रेरणा
**(C)** कार्य असंतोष
**(D)** विद्यार्थियों की सहभागिता

**119.** जब कोई शिक्षक विद्यार्थियों को कुछ जानकारी देना चाहता है, तो कौनसी सम्प्रेषण कौशल का इस्तेमाल किया जाएगा?

**(A)** बोलना और लिखना
**(B)** बोलना और पढ़ना
**(C)** पढ़ना और लिखना
**(D)** बोलना और सुनना

**120.** अधिगम की प्रक्रिया में, इनाम किस तरह का प्रेरक है, जो शिक्षक विद्यार्थियों को देता है?

**(A)** बाहरी **(B)** आंतरिक **(C)** जैव–जनित **(D)** शारीरिक

**121.** विभिन्न पृष्ठभूमियों वाले और व्यापक रूप से फैले श्रोताओं के लिए निम्नलिखित में से कौनसा संचार प्रकार उपयुक्त है?

**(A)** अंतर्वैयक्तिक संचार
**(B)** अंतरा वैयक्तिक संचार
**(C)** समूह संचार
**(D)** जनसंचार

**122.** व्यावसायिक रूप से प्रतिबद्ध शिक्षक यह मानता है कि शिक्षण है –

**(A)** एक नौकरी
**(B)** एक सामाजिक उत्तरदायित्व
**(C)** जीविकोपार्जन का एक साधन
**(D)** शक्ति का एक साधन

**123.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन यह प्रदर्शित करता है कि विद्यार्थी संवेदनशील हैं?

**(A)** उनमें केवल शाब्दिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भावनाओं और विचारों को समझने की क्षमता है।
**(B)** उनमें केवल अशाब्दिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भावनाओं और विचारों को समझने की क्षमता है।
**(C)** उनमें अपने पूर्वाग्रह के आधार पर स्वयं को और दूसरों को स्वीकार करने की क्षमता है।
**(D)** उनमें शाब्दिक और अशाब्दिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भावनाओं और विचारों को समझने की क्षमता है।

**124.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने में शिक्षक की भूमिका का वर्णन करता है?

**(A)** प्रशासक **(B)** प्रबंधक **(C)** जाँचकर्ता **(D)** प्रेरक

**125.** सूचना भेजने वाले से जानकारी पाने के लिए इनमें से किस तरीके का इस्तेमाल किया जाता है?

**(A)** सुनना **(B)** बोलना **(C)** बताना **(D)** लिखना

**126.** कक्षाकक्ष में विद्यार्थियों की रचनात्मकता विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका कौनसा रहेगा?
- **(A)** रचनात्मकता विकसित करने के तरीकों पर भाषण
- **(B)** रचनात्मकता के उदाहरण देना
- **(C)** रचनात्मक सोच के लिए प्रोत्साहित करना
- **(D)** रचनात्मकता विकसित करने के लिए हाथों से की जाने वाली गतिविधि

**127.** आपकी कक्षा का एक विद्यार्थी हमेशा अनोखे प्रश्न करता है, तो आप –
- **(A)** उसे चुप रहने को कहेंगे।
- **(B)** उसे बार–बार प्रश्न पूछने पर डांट लगायेंगे।
- **(C)** उसके अनोखे प्रश्नों के पीछे उसकी सृजनशीलता की पहचान करेंगे।
- **(D)** उसे अलग मिलने को कहेंगे।

**128.** सकारात्मक कक्षा वातावरण बनाए रखना किसकी जिम्मेदारी है?
- **(A)** छात्रों की
- **(B)** विद्यालय प्रशासन की
- **(C)** शिक्षकों की
- **(D)** अभिभावकों की

**129.** शिक्षण में सामाजिक संवेदनशीलता मुख्यतः किससे संबंधित है?
- **(A)** कठोर अनुशासन
- **(B)** शिक्षार्थी की पृष्ठभूमि की समझ
- **(C)** विषयवस्तु पूर्णता
- **(D)** परीक्षा नियंत्रण

**130.** सामाजिक संवेदनशीलता है –
- **(A)** दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने की क्षमता
- **(B)** दूसरों की स्थिति को समझने की क्षमता
- **(C)** दोनों (A) और (B)
- **(D)** न तो (A) और ना ही (B)

**131.** 'संदेश में सभी जरूरी जानकारी होनी चाहिए।' संप्रेषण कौशल का यह मूल सिद्धान्त निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
- **(A)** स्पष्टता
- **(B)** संक्षिप्तता
- **(C)** पूर्णता
- **(D)** ठोसपन

**132.** निम्नलिखित में से कौन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का तत्व <u>नहीं</u> है?
- **(A)** शिक्षक
- **(B)** शिक्षार्थी
- **(C)** माता–पिता
- **(D)** पाठ्यचर्या

**133.** आप अपने विद्यार्थियों के भावनात्मक एवं मनोगत्यात्मक पक्ष के विकास का आंकलन करने हेतु क्या करना चाहेंगे?
- **(A)** एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण प्रशासित करेंगे
- **(B)** मनोचिकित्सक द्वारा जाँच करायेंगे
- **(C)** निरन्तर साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करायेंगे
- **(D)** उपलब्धि परीक्षण प्रशासित करेंगे

**134.** कौनसी नेतृत्व शैली अनुयायियों को अपनी क्षमता पहचानने के लिए प्रोत्साहित करती है?
- **(A)** आदिम नेतृत्व
- **(B)** प्रेरणादायक नेतृत्व
- **(C)** लेन–देन संबंधी नेतृत्व
- **(D)** नौकरशाही नेतृत्व

**135.** सामाजिक संवेदनशीलता का मतलब है –
- **(A)** दूसरों की भावनाओं और विचारों को समझने की क्षमता
- **(B)** दूसरों के बारे में बात करने की क्षमता
- **(C)** सामाजिक अंतःक्रिया के संकेतों को समझने की क्षमता
- **(D)** सामाजिक अभिवृत्ति को पहचानने की क्षमता

**136.** एक लोकतांत्रिक नेता सामान्यतः –
- **(A)** अकेले निर्णय लेता है
- **(B)** सहभागिता को प्रोत्साहित करता है
- **(C)** कठोर नियंत्रण रखता है
- **(D)** उत्तरदायित्व से बचता है

**137.** मिस नीना ने विद्यार्थियों से अखबार के विभिन्न उपयोगों के बारे में बताने को कहा। रेहान ने अखबार के 15 अलग–अलग उपयोगों को बताकर यह खेल जीत लिया। इस खेल के माध्यम से मिस नीना ने रचनात्मकता के किस घटक को संबोधित किया?
- **(A)** प्रवाह
- **(B)** लचीलापन
- **(C)** मौलिकता
- **(D)** विस्तार

**138.** कक्षा के नेतृत्वकर्ता के रूप में, भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए, आप अपने पाठ की योजना निम्नलिखित में से किस प्रकार बनाएंगे?
- **(A)** विद्यार्थियों को सीखने योग्य जानकारी प्रदान करने हेतु
- **(B)** विद्यार्थियों को आपस में चर्चा करने और जाँच पड़ताल में शामिल करने हेतु
- **(C)** यह सुनिश्चित करने हेतु कि विद्यार्थी स्वयं अध्ययन करें और सीखें
- **(D)** ऐसा व्याख्यान देने हेतु जिसे विद्यार्थी सुन सकें

**139.** शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 में किन कक्षाओं के लिए CCE को अनिवार्य बनाया गया?
**(A)** कक्षा I से V **(B)** कक्षा VI से VIII **(C)** कक्षा I से VIII **(D)** कक्षा IX से XII

**140.** व्यक्ति का वह गुण जिससे यह पता चलता है कि वह समस्या को कितने तरीकों से समाधान करना जानता है, कहलाता है –
**(A)** प्रवाहिता **(B)** लचीलापन **(C)** मौलिकता **(D)** विस्तारण

**141.** विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए किस तरह का अनुशासन सबसे प्रभावी है?
- **(A)** प्रभाववादी अनुशासन
- **(B)** दमनकारी अनुशासन
- **(C)** मुक्तिवादी अनुशासन
- **(D)** आत्मानुशासन

**142.** एक विद्यार्थी की खुद की लिखी कविता रचनात्मकता के किस तत्व को दिखाती है?
**(A)** मौलिकता **(B)** लचीलापन **(C)** विस्तार **(D)** प्रवाह

**143.** जब कोई शिक्षक अपने विद्यार्थियों को नक्शा बनाने में दक्ष बनाना चाहता है, तो वह इसके लिए कौनसी शिक्षण रणनीति इस्तेमाल करेगा?
**(A)** व्याख्यान **(B)** प्रदर्शन **(C)** अभ्यास कार्य **(D)** भूमिका निभाना

**144.** आपकी कक्षा का एक विद्यार्थी कक्षा में रुचि प्रदर्शित नहीं करता है, तो आप –
- **(A)** उसे दंड देंगे।
- **(B)** उसे कक्षा से बाहर निकाल देंगे।
- **(C)** इसके पीछे के कारण का पता करेंगे।
- **(D)** उसे उसके हाल पर छोड़ देंगे।

**145.** शैक्षिक मनोविज्ञान के अनुसार, व्यावसायिक दृष्टिकोण किसे प्रभावित करता है?
- **(A)** केवल शिक्षक
- **(B)** केवल प्रशासन
- **(C)** शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया
- **(D)** विद्यालय भवन

**146.** निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षक के व्यावसायिक दृष्टिकोण का मूल घटक है?
- **(A)** पूर्वाग्रह एवं विश्वास
- **(B)** रुचि एवं राय
- **(C)** रुचि एवं विश्वास
- **(D)** विश्वास एवं व्यवहार

**147.** प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक का व्यावसायिक दृष्टिकोण मुख्य रूप से किस गुण को दर्शाता है?
- **(A)** व्यक्तिगत सुविधा
- **(B)** विद्यार्थियों के प्रति प्रतिबद्धता
- **(C)** आर्थिक लाभ
- **(D)** सामाजिक प्रतिष्ठा

**148.** एक शिक्षक कक्षा के नेता के रूप में तब सफल होता है, जब उसकी अनुपस्थिति में भी –
- **(A)** कक्षा के विद्यार्थी आपस में बातचीत में व्यस्त हों।
- **(B)** विद्यार्थी कक्षा में शांति से बैठे हों।
- **(C)** विद्यार्थी अपना काम करने में व्यस्त हों।
- **(D)** विद्यार्थी खेलों में व्यस्त हों।

**149.** मूल्य शिक्षा के लिए कौनसी विधि सबसे उपयुक्त है?
- **(A)** व्याख्यान विधि
- **(B)** अभ्यास विधि
- **(C)** श्रुतलेख विधि
- **(D)** कहानी सुनाने की विधि

**150.** संप्रेषण एक प्रक्रिया है –
- **(A)** विचारों व सूचना का आदान–प्रदान करने की
- **(B)** आदेश देने की
- **(C)** केवल संदेश लिखने की
- **(D)** केवल सुनने की

## Part - D
## LANGUAGE PROFICIENCY : ENGLISH

**Read the following passage and answer the questions 151-154 -**

A British survey found that 44 percent of firms, which started to use robots met with initial failure and 22 percent abandoned them altogether, mainly because of inadequate technological know-how and skills at all plant levels.

Robotisation is by and large a viable proposition. These machines can work round the clock, raise output, protect the quality and industrial competitiveness.

Certain production jobs, mostly simple or hazardous ones, are irretrievably lost to robotics. Thus, spot welders, spray painters, cleaners, machine loaders, grinding and polishing machine operators are endangered species.

**151.** Robots are a substitute for -

**(A)** planners **(B)** production workers
**(C)** motor cars **(D)** endangered species

**152.** 'A viable proposition' is -

**(A)** a workable idea **(B)** a fanciful idea
**(C)** an imaginative idea **(D)** an endangered idea

**153.** What do you mean by 'robotisation'?

**(A)** Making robots **(B)** Marketing robots
**(C)** Introduction of robots **(D)** Replacement of humans with robots

**154.** What does the writer say regarding initial failure?

**(A)** 50 percent are using robots.
**(B)** British companies stopped the use of robots.
**(C)** 22 percent have abandoned the use of robots.
**(D)** All of the above

**155.** Mark the most appropriate one-word substitution for the following -
'Undue favour shown by a person in power to his relatives.'

**(A)** Misanthrope **(B)** Flagrant **(C)** Perquisition **(D)** Nepotism

**156.** Put the following into indirect speech -
Rahul asked Raj, "Why have you not allowed the book to be published?"

**(A)** Rahul asked Raj that why have the book not been published.
**(B)** Rahul asked Raj why he had not allowed the book to be published.
**(C)** Rahul asked Raj why was the book not published.
**(D)** Rahul asked Raj why they have not allowed the book to be published.

**157.** Complete the sentence with suitable Articles -
His car struck ……….. tree; you can still see ……….. mark on ……….. tree.

**(A)** a, the, the **(B)** the, the, the **(C)** a, a, the **(D)** a, a, a

**158.** Find out the correct spelling -

**(A)** Variagated **(B)** Variegated **(C)** Varegated **(D)** Varigated

**159.** Complete the sentence with suitable Article -
France is ……….. European country.

**(A)** a **(B)** an **(C)** the **(D)** no article

**160.** Which connective is correct?

……….. he is intelligent, he is humble.

**(A)** Although **(B)** But **(C)** Yet **(D)** As well as

**161.** Complete the following sentence -

If you answer the questions correctly ………..

**(A)** you were the winner. **(B)** you could be the winner.

**(C)** you have been the winner. **(D)** you could have been the winner.

**162.** Find the Antonym for 'Acquit' -

**(A)** Convict **(B)** Disclose **(C)** Adjudge **(D)** Imprison

**163.** Find the synonym for 'Veracity' -

**(A)** Audacity **(B)** Perfection **(C)** Judgement **(D)** Truth

**164.** Which part has error in it?

Despite for her protests/ I decided/ to buy the saree/ which she did not like.

**(A)** Despite for her protests **(B)** I decided

**(C)** to buy the saree **(D)** which she did not like

**165.** Which of the following means 'a middle course'?

**(A)** By the way **(B)** Through communication

**(C)** Via media **(D)** The right order

**166.** Which of the following Question Tag is correct for the sentence?

We're doing it the right way, ………..

**(A)** aren't we? **(B)** are we? **(C)** do we? **(D)** don't we?

**167.** Find out the word with correct spelling -

**(A)** Supperannuation **(B)** Superanuation **(C)** Supperanuation **(D)** Superannuation

**168.** Correct the following sentence -

If I were you, I will never give up.

**(A)** If I was you, I will never give up. **(B)** If I were you, I was never give up.

**(C)** If I were you, I would never give up. **(D)** If I were you, I will never have give up.

**169.** Choose the compound sentence -

**(A)** You must take rich diet to gain weight.

**(B)** You must take rich diet or you will not gain weight.

**(C)** You must take rich diet in order to gain weight.

**(D)** You will gain weight by taking rich diet.

**170.** Identify the one underlined expression (A, B, C or D) that must be changed in order to correct the sentence -

None of the children <u>wants</u> (A) to be in the group that <u>has</u> (B) to stay inside because everyone <u>prefer</u> (C) to go outside and <u>play</u> (D).

**(A)** A **(B)** B **(C)** C **(D)** D

## भाग – द
## भाषा योग्यता : हिन्दी

**171.** ''कर्कश'' शब्द का विलोम शब्द है –

**(A)** मधुर **(B)** सर्कस **(C)** निष्ठुर **(D)** कसूरवार

**172.** इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं?

**(A)** अनन्त – सान्त **(B)** अथ – आदि **(C)** अग्रज – अनुज **(D)** अज्ञ – विज्ञ

**173.** ''थोड़ी वस्तु से बड़ा काम नहीं हो सकता।'' को दर्शाने वाली लोकोक्ति है –

**(A)** चूहों की मौत, बिल्ली का खेल। **(B)** चूहे का बच्चा बिल ही खोदता है।

**(C)** चोट्टी कुतिया जलेबियों की रखवाली। **(D)** चूहों के चाम से कहीं नगाड़े मढ़े जाते हैं।

**174.** ''अभ्यागत'' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?

**(A)** अभी **(B)** अभ्य **(C)** अभि **(D)** अ

**175.** किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

**(A)** नीरोग, व्रतान्त **(B)** अत्युक्ति, ज्योत्स्ना **(C)** दुर्व्यसन, अनुगृह **(D)** द्वन्द, समृद्ध

**176.** उर्दू उपसर्ग से बना शब्द है –

**(A)** अधकच्चा **(B)** औगुन **(C)** सुडौल **(D)** बाकायदा

**177.** मुहावरे और उनके अर्थ की दृष्टि से सही विकल्प नहीं है –

**(A)** नाकों चने चबाना – खूब तंग करना **(B)** निन्यानवे का फेर – अनुभव शून्य होना

**(C)** पगड़ी उछालना – अपमान करना **(D)** दूज का चाँद – कठिनाई से दर्शन देना

**178.** ''ईंट की लेनी, पत्थर की देनी'' लोकोक्ति का अर्थ होता है –

**(A)** जिसकी करनी उसी को फल मिलता है। **(B)** समय बीत जाने पर काम करना।

**(C)** दुष्टता के बदले और अधिक दुष्टता। **(D)** जैसा व्यक्ति वैसी आवभगत।

**179.** अशुद्ध शब्द है –

**(A)** दुरावस्था **(B)** द्रवीभूत **(C)** नूपुर **(D)** अन्त्याक्षरी

**180.** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य या प्रधान उपवाक्य या समानाधिकरण उपवाक्य, किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे कहते हैं –

**(A)** साधारण वाक्य **(B)** मिश्र वाक्य **(C)** संयुक्त वाक्य **(D)** संज्ञा उपवाक्य

**181.** ''खटाई में पड़ना'' मुहावरे का अर्थ होता है –

**(A)** लड़ाई में मारे जाना **(B)** मारे–मारे फिरना

**(C)** काम होने में देरी या संदेह होना **(D)** साफ–साफ बात कहना

**182.** निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?

**(A)** माधव, दामोदर, मुकुंद **(B)** चपला, विशिख, विहग

**(C)** नरेश, महीप, महीपति **(D)** आदित्य, दिवाकर, प्रभाकर

**183.** इनमें से शुद्ध वाक्य है –

**(A)** मैंने तुम्हारी बहुत प्रतीक्षा की। **(B)** मेरे को दो निबंध लिखने हैं।

**(C)** हम रात में भोजन खाते हैं। **(D)** बालक मिठाई और दूध पीकर सो गया।

**184.** ''इकतीस'' शब्द में कौनसा समास है?

**(A)** बहुब्रीहि **(B)** द्विगु **(C)** कर्मधारय **(D)** द्वन्द्व

**185.** ''वर्षा, तुम गाना गाओ।'' वाक्य किस प्रकार का है?

(A) विधानार्थक (B) आज्ञार्थक (C) इच्छार्थक (D) संकेतार्थक

**186.** संधि विच्छेद की दृष्टि से सही विकल्प <u>नहीं</u> है –

(A) सन् + चय = संचय (B) किम् + चन = किंचन

(C) वाक् + मय = वाङ्मय (D) षट् + मुख = षण्मुख

**187.** ''जीतने की इच्छा'' कहलाती है –

(A) लिप्सा (B) जिगीषा (C) बुभुक्षा (D) जिजीविषा

**188.** निम्न में से शुद्ध वाक्य है –

(A) बेटों में युद्ध हो गया।

(B) इस गीत की दो–चार लड़ियाँ सुना दो।

(C) टिड्डियों की मंडली सारी फसल चट कर गई।

(D) गोलियों की बौछार के सामने कोई टिक न सका।

**189.** इनमें से अशुद्ध शब्द कौनसा है?

(A) महैश्वर्य (B) चक्रपाणी (C) लावण्य (D) कवयित्री

**190.** 'महौषध' शब्द में कौनसी संधि है?

(A) वृद्धि (B) गुण (C) दीर्घ (D) यण

**191.** द्वंद्व समास का उदाहरण है –

(A) नीलकंठ (B) कपड़े–लत्ते (C) त्रिभुवन (D) महाजन

**192.** ''चंद्रमा'' का पर्यायवाची <u>नहीं</u> है –

(A) हिमांशु (B) सुधांशु (C) राकेश (D) मयूख

**193.** इनमें से अशुद्ध वाक्य कौनसा है?

(A) ये मेरे ही हस्ताक्षर हैं। (B) वह अपनी धुन में जा रहा था।

(C) प्यास के मारे उसका प्राण निकल गया। (D) उसकी भुजाएँ घुटनों तक लम्बी हैं।

**194.** इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द <u>नहीं</u> हैं?

(A) उत्कर्ष – अपकर्ष (B) उत्थान – पतन (C) उद्धत – विनीत (D) इष्ट – अभीष्ट

**195.** किस विकल्प में गलत संधि है?

(A) तत् + लीन = तल्लीन (B) तत् + हित = तद्धित

(C) तृष + ना = तृष्णा (D) एक + एक = एकैक

**196.** ''तड़ाक–तड़ाग'' शब्द युग्म का सही अर्थ है –

(A) जल्दी – तालाब (B) दुर्बल – तालाब (C) जल्दी – तगड़ा (D) तालाब – जल्दी

**197.** ''श्वेत–स्वेद'' युग्म शब्दों का सही अर्थ है –

(A) सफ़ेद – धागा (B) सफ़ेद – कान (C) सफ़ेद – पसीना (D) सफ़ेद – सभा

**198.** ''लाघव'' शब्द में प्रत्यय है –

(A) अ (B) व (C) अव् (D) घव्

**199.** किस शब्द में ''नि'' उपसर्ग <u>नहीं</u> है?

(A) निमग्न (B) निश्चल (C) निवारण (D) निषेध

**200.** ''वणिग्वर्ग'' शब्द में संधि है –

(A) गुण संधि (B) अयादि संधि (C) व्यंजन संधि (D) विसर्ग संधि

## भाग – द
## भाषा योग्यता : संस्कृतम्

**171.** अच् प्रत्याहारे अयं वर्णः न परिगण्यते –

**(A)** ऋ **(B)** लृ **(C)** ह **(D)** उ

**172.** ''राज्ञः पुरुषः'' इत्यत्र कः सम्बन्धः?

**(A)** जन्यजनकभावः **(B)** कार्य–कारणभावः **(C)** स्वस्वामिभावः **(D)** जातिव्यक्तिभावः

**173.** 'आत्मा' इति शब्दस्य किं लिङ्गम्?

**(A)** पुंलिङ्गम् **(B)** स्त्रीलिङ्गम् **(C)** उभयलिङ्गम् **(D)** नपुंसकलिङ्गम्

**174.** अधस्तनेषु ''रोगमुक्तः'' इत्यस्मिन् पदे प्रयुक्तसमासस्य नाम किम्?

**(A)** तृतीया–तत्पुरुषः **(B)** चतुर्थी–तत्पुरुषः **(C)** पंचमी–तत्पुरुषः **(D)** सप्तमी–तत्पुरुषः

**175.** स्पर्शवर्णानां संख्या भवति –

**(A)** 24 **(B)** 25 **(C)** 26 **(D)** 20

**176.** गायकः इति पदे कः प्रत्ययः?

**(A)** क्यप् **(B)** यत् **(C)** ण्वुल् **(D)** ण्यत्

**177.** वर्गाणां प्रथमा–तृतीय–पंचमाः यणश्च –

**(A)** अल्पप्राणाः **(B)** स्वरिताः **(C)** विकृताः **(D)** महाप्राणाः

**178.** 'राम' शब्दस्य रूपं नास्ति –

**(A)** रामैः **(B)** रामेण **(C)** रामानाम् **(D)** रामयोः

**179.** निषेधार्थकस्य 'अलम्' इति पदस्य योगे विभक्तिर्भवति –

**(A)** द्वितीया **(B)** चतुर्थी **(C)** तृतीया **(D)** पंचमी

**180.** 'अन्तरेण' अव्ययस्य योगे विभक्तिः प्रयुज्यते –

**(A)** तृतीया **(B)** द्वितीया **(C)** चतुर्थी **(D)** पंचमी

**181.** 'अस्' धातोः लङ्लकारे प्रथमपुरुषैकवचने रूपं स्यात् –

**(A)** अस्तु **(B)** भविष्यति **(C)** अस्ति **(D)** आसीत्

**182.** 'दा' धातोः लट्लकारे प्रथमपुरुषस्य द्विवचने रूपम् अस्ति –

**(A)** दत्थः **(B)** दत्थे **(C)** दत्तः **(D)** दत्थ

**183.** लिङ्गदृष्ट्या शुद्धवाक्यमस्ति –

**(A)** इदम् मम पुस्तकम्। **(B)** इयम् मम पुस्तकम्।

**(C)** अयम् मम पुस्तकः। **(D)** इदम् मम पुस्तकाः।

**184.** ''सः ...................... बालिकां पृच्छति।'' इत्यस्मिन् रिक्तस्थाने उपयुक्तः शब्दः कः?

**(A)** इमं **(B)** इमे **(C)** इयम् **(D)** इमां

**185.** 'परा + जि' धातुयोगे अपादानसंज्ञकः भवति –

**(A)** ईप्सितः **(B)** असहयोऽर्थः **(C)** प्रीयमाणः **(D)** उत्तमर्णः

**186.** कस्य वर्णस्य उच्चारणस्थानं दन्तोष्ठमस्ति?

**(A)** तकारस्य **(B)** वकारस्य **(C)** लकारस्य **(D)** मकारस्य

**187.** 'स्था' धातोः लोट्लकारे मध्यमपुरुषबहुवचने रूपं भवति –

**(A)** तिष्ठतः **(B)** तिष्ठथः **(C)** तिष्ठथ **(D)** तिष्ठत

**188.** 'दृश्' धातोः लोट्लकारे मध्यमपुरुष–द्विवचने रूपमस्ति –

**(A)** पश्यत **(B)** पश्यतः **(C)** पश्यतम् **(D)** पश्यथः

**189.** ''देवैश्वर्यम्'' पदस्य सन्धिविच्छेदः निर्णेयः –

**(A)** देव + ऐश्वर्यम् **(B)** देवी + एश्वर्यम् **(C)** देव + एश्वर्यम् **(D)** देवी + ऐश्वर्यम्

**190.** अ, ए, ओ इति वर्णानां का संज्ञा?

**(A)** गुण–संज्ञा **(B)** सर्वनाम–संज्ञा **(C)** वृद्धि–संज्ञा **(D)** अपृक्त–संज्ञा

**191.** 'जटाभिस्तापसः' इत्यस्मिन् वाक्ये तृतीया–विधायकं सूत्रमस्ति –

**(A)** हेतौ **(B)** इत्थंभूतलक्षणे **(C)** येनाङ्गविकारः **(D)** ध्रुवमपाये

**192.** 'नृत्' धातोः लङ्लकारे मध्यमपुरुषस्य द्विवचने रूपं भवति –

**(A)** अनृत्येतम् **(B)** अनृत्यम् **(C)** अनृत्यत **(D)** अनृत्यतम्

**193.** आधारस्य संज्ञा भवति –

**(A)** सम्बन्धसंज्ञा **(B)** अपादानसंज्ञा **(C)** करणसंज्ञा **(D)** अधिकरणसंज्ञा

**194.** 'रमा' शब्दस्य तृतीयाविभक्तेः एकवचने रूपं भवति –

**(A)** रमाया **(B)** रमायाः **(C)** रमायै **(D)** रमया

**195.** 'स्था' धातोः विधिलिङ्ग–लकारे मध्यमपुरुषे बहुवचने रूपं भवति –

**(A)** तिष्ठेयम् **(B)** तिष्ठेव **(C)** तिष्ठेयुः **(D)** तिष्ठेत

**196.** 'गवां कृष्णा बहुक्षीरा' इत्यस्मिन् उदाहरणे प्रवृत्तसूत्रमस्ति –

**(A)** षष्ठी हेतुप्रयोगे **(B)** कर्तृकर्मणोः कृति **(C)** यतश्च निर्धारणम् **(D)** क्तस्य च वर्तमाने

**197.** 'अन्वयः' इत्यत्र उपसर्गः वर्तते –

**(A)** अन् **(B)** अनु **(C)** अन्व **(D)** अन

**198.** 'पञ्चगवम्' इति पदस्य समुचितं विग्रहवाक्यं किम्?

**(A)** पञ्च गावो यस्य सः तम् **(B)** पञ्च गवां समाहारः

**(C)** पञ्चानां गवानां समाहारः **(D)** पञ्चानां गवां समाहारः

**199.** 'धीमान्' इत्यस्मिन् पदे प्रकृतिप्रत्ययौ स्तः –

**(A)** धी + मतुप् **(B)** धी + क्तवतु **(C)** धी + शानच् **(D)** धी + शतृ

**200.** 'इत्थम्भूतलक्षणे' सूत्रस्योदाहरणं वर्तते –

**(A)** प्रायेण याज्ञिकः **(B)** पुण्येन दृष्टो हरिः

**(C)** दण्डेन यतिः **(D)** नाना नार्या निष्फला लोकयात्रा

---

रफ कार्य के लिए जगह / **Space for Rough Work**

रफ कार्य के लिए जगह / **Space for Rough Work**